पीपुल्स समाचार इंदौर, रविवार 21 फरवरी 2016

कार्यशाला ▸▸ एडीजी वरुण कपूर छात्रों से रूबरू, साइबर क्राइम से सुरक्षा के उपाय बताए

प्रलोभनभरे मैसेज के झांसे में आने से बचें

मोबाइल-इंटरनेट का उपयोग करते समय प्रलोभनभरे मैसेज के झांसे में नही आना चाहिए, क्योंकि आपको कोई भी ऐसा ही राशि नहीं दे देगा। युवा सोशल साइट्स पर सोच-समझकर ही दोस्त बनाएं। साइबर अपराधों पर नियंत्रण व इसके दुष्प्रभावों से बचने के लिए हमें जागरूक रहना बेहद जरूरी है।

पीपुल्स संवाददाता ● इंदौर
news.indore@peoplessamachar.co.in

ये बात पुलिस रेडियो ट्रेनिंग स्कूल के डायरेक्टर व हाल ही में आईजी से पदोन्नत हुए एडीजी (नारकोटिक्स) वरुण कपूर ने शनिवार को एमबी खालसा कॉलेज के विद्यार्थियों व फैकल्टीज से कही। यहां पीआरटीएस की ओर से संकल्प अभियान के तहत 139वीं कार्यशाला आयोजित की गई थी। एडीजी कपूर ने छात्रों को साइबर सुरक्षा के मूल मंत्र की जानकारी दी और साइबर अपराधों से बचने के तरीके भी बताए। उन्होंने कहा कि आज पूरी दुनिया मोबाइल, इंटरनेट के माध्यम से जुड़ चुकी है। दैनिक कार्यों में इंटरनेट का उपयोग सामान्य बात है। आधुनिक टेक्नोलॉजी के गजेट्स का उपयोग बढ़ने के साथ-साथ साइबर अपराध भी तेजी से बढ़े हैं। ऐसे अपराधों से बचने के लिए जरूरी है कि टेक्नोलॉजी का इस्तेमाल सुरक्षित ढंग से करें। उसका इस्तेमाल अपने लाभ के लिए करना चाहिए, न कि दूसरों को नुकसान पहुंचाने के लिए।

एडीजी कपूर एमबी खालसा कॉलेज में साइबर क्राइम की जानकारी देते हुए।

मेहनत से मुकाम हासिल करें

एडीजी वरुण कपूर ने कार्यशाला में छात्रों से सवाल भी पूछे और रोचक ढंग से बातचीत के जरिये उनकी जिज्ञासाएं भी शांत की। कपूर ने यह भी कहा कि युवाओं को साइबर दुनिया के मायाजाल में काल्पनिक चीजों के पीछे भागने की अपेक्षा मेहनत कर अपना मुकाम हासिल करना चाहिए। उन्होंने आईटी एक्ट एवं विभिन्न धाराओं की जानकारी भी दी। एसपी (पीआरटीएस) सुदीप गोयनका ने द्वितीय सत्र में साइबर सुरक्षा के छोटे-छोटे टिप्स बताए। कपूर ने कार्यशाला में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले विद्यार्थियों नवजोत कौर और मनोज जोशी को प्रमाण-पत्र व गोल्डन बैज प्रदान कर सम्मानित किया।